संख्या-403/2023/1553/22-2-2023-17(402)/2023

प्रेषक,

कृष्ण कुमार सिंह,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक/ महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 23 जून, 2023

विषय:- केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी रविन्द्र पुत्र श्री राम अधार यादव, निवासी जनपद-मऊ की फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उप महानिरीक्षक (मु0), कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-14573/प्रोबेशन-3-फार्म-ए/(एम-05-05-2023) दिनांक-05-05-2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी रविन्द्र पुत्र श्री राम अधार यादव, जो ग्राम-कयार की मठिया, थाना-रानीपुर, जनपद-मऊ का निवासी है। अभियुक्त रविन्द्र की शादी विन्दू देवी निवासी कपाट की मठिया के साथ हुयी थी, अभियुक्त रविन्द्र का उसकी भाभी के साथ अवैध सम्बन्ध था, जिसको लेकर रविन्द्र यादव ने भाभी व अन्य सहअभियुक्तों के साथ मिलकर अपनी पत्नी विन्दू देवी की हत्या कर लाश गायब कर दिया। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-45/2000 में भा0द0वि0 की धारा-302/34, 201 के अन्तर्गत मा0 न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/एफ0टी0सी0 सं0-1, मऊ के आदेश दिनांक 13.07.2006 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, मऊ द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बन्दी का अपराध समाज को व्यापक रूप से प्रभावित करने, भविष्य में अपराध करने का अवसर है वादी मुकदमा व उनके परिजनों को हानि पहुँचा सकने, रिहाई पर पुन: अपराध में संलिप्त होने से इंकार नहीं किये जाने, जेल में आगे और निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने, परिवार की सामाजिक व आर्थिक दशा समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त नहीं होने का अंकन करते हुए बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि अभियुक्त रविन्द्र की शादी विन्दू देवी निवासी कपाट की मठिया के साथ हुयी थी, अभियुक्त रविन्द्र का उसकी भाभी के साथ अवैध सम्बन्ध था, जिसको लेकर रविन्द्र यादव ने भाभी व अन्य 05 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर अपनी पत्नी विन्दू देवी की हत्या कर लाश गायब करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गंभीरता एवं जघन्यता जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी रविन्द्र पुत्र श्री राम अधार यादव को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

3- अत: उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी रविन्द्र (बन्दी संख्या-743/2007) पुत्र श्री राम अधार यादव, निवासी जनपद-मऊ को यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की फार्म-ए/लाइसेन्स पर मुक्ति सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तद्नुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतदद्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,
कृष्ण कुमार सिंह
उप सचिव।

संख्या-403/2023/1553(1)/22-2-2023 तद्दिनांक...

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, मऊ।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, वाराणसी।
3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
5- नोडल अधिकारी/अधीक्षक जिला कारागार, गाजियाबाद को मा0 उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में योजित रिट याचिका संख्या-336/2019 रशीदुल जफर उर्फ छोटा बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य में मा0 न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 06.09.2022 के सन्दर्भ में।
6- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
अजय कुमार तिवारी
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश संख्या-403/2023/1553/22-2-2023-17(402)/2023

दिनांक 23 जून, 2023 का संलग्नक

सरकार के आदेश

केन्द्रीय कारागार, वाराणसी में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी रविन्द्र पुत्र श्री राम अधार यादव, जो ग्राम-कयार की मठिया, थाना-रानीपुर, जनपद-मऊ का निवासी है। अभियुक्त रविन्द्र की शादी विन्दू देवी निवासी कपाट की मठिया के साथ हुयी थी, अभियुक्त रविन्द्र का उसकी भाभी के साथ अवैध सम्बन्ध था, जिसको लेकर रविन्द्र यादव ने भाभी व अन्य सहअभियुक्तों के साथ मिलकर अपनी पत्नी विन्दू देवी की हत्या कर लाश गायब कर दिया। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-45/2000 में भा0द0वि0 की धारा-302/34, 201 के अन्तर्गत मा0 न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/एफ0टी0सी0 सं0-1, मऊ के आदेश दिनांक 13.07.2006 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट, मऊ द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में बन्दी का अपराध समाज को व्यापक रूप से प्रभावित करने, भविष्य में अपराध करने का अवसर है वादी मुकदमा व उनके परिजनों को हानि पहुँचा सकने, रिहाई पर पुन: अपराध में संलिप्त होने से इंकार नहीं किये जाने, जेल में आगे और निरूद्ध रखने का सार्थक प्रयोजन होने, परिवार की सामाजिक व आर्थिक दशा समयपूर्व रिहाई हेतु उपयुक्त नहीं होने का अंकन करते हुए बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

प्रोबेशन बोर्ड का अभिमत है कि अभियुक्त रविन्द्र की शादी विन्दू देवी निवासी कपाट की मठिया के साथ हुयी थी, अभियुक्त रविन्द्र का उसकी भाभी के साथ अवैध सम्बन्ध था, जिसको लेकर रविन्द्र यादव ने भाभी व अन्य 05 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर अपनी पत्नी विन्दू देवी की हत्या कर लाश गायब करने का जघन्य अपराध कारित किया गया है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गंभीरता एवं जघन्यता जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्दिष्ट 05 बिन्दुओं की आख्या में समयपूर्व रिहाई का विरोध किये जाने के दृष्टिगत प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट-1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बंदी रविन्द्र पुत्र श्री राम अधार यादव को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त राज्यपाल महोदया द्वारा बन्दी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार कर दी गयी है।

कृष्ण कुमार सिंह
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।